तापमान
अधिकतम 13.0 डिग्री
न्यूनतम 4.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, रविवार 25 जनवरी 2026

14 जींद में पुलिस सुरक्षा चाक-चौबंद 27 नाके और 1150



14 इंडस स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस....





## खबर संक्षेप

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, मामला दर्ज

**जींद।** गांव पौली से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव पौली निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 22 जनवरी को उसकी बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चाची सास व बहू संदिग्ध हालात में लापता, केस

जींद। गांव डाहौला से बहू तथा चाची सास के संदिग्ध हालात में गायब होने पर अलेवा थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव डाहौला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 21 जनवरी का उसकी पत्नी तथा भतीजे की पत्नी शहर के निकली थी। जिसके बाद दोनों घर वापस नही लौटी। अलेवा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सफीदों में शहीद स्मारक का निर्माण लगभग पूर्ण

**जींद।** उपमंडल सफीदों में शहीदों की स्मृति को स्थायी स्वरूप प्रदान करने की दिशा में प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए स्थानीय नाग क्षेत्र के पास राजगुरु, सुखदेव, भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित कर शहीद स्मारक का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण कर लिया है। स्मारक पर 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर मुख्यअतिथि विधायक रामकुमार गौतम द्वारा उपमंडल में पहली बार पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी जाएगी।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूनम सुनेजा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मोनिका ने बताया कि जुलाना व बुड्ढाखेड़ा में पैरा लीगल वालंटियर रेखा,ने आमजन को बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा, उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं।

### नि:शुल्क चिकित्सा जांच और दवाइयां वितरित की

नरवाना। कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला की पहल पर शुरू की गई आदित्य निशुल्क मोबाइल अस्पताल वैन नरवाना विधानसभा के गांव गुरथली में पहुंची। इस चलते-फिरते अस्पताल में ग्राम वासियों को पूरी तरह निशुल्क चिकित्सा जांच और दवाइयां वितरित की गई। कैंप में वरिष्ठ नेता बृजेंद्र सुरजेवाला, सतबीर दबलैन, बिंदर फरैण, पार्षद आशुतोष शर्मा, डा. शमशेर अमरगढ़, मनदीप सिंह, सुखदेव सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक एकता का दिया संदेश

**जींद।** जींद जिले से मेरा युवा भारत अभियान के अंतर्गत चयनित स्वयंसेवकों ने गोवा में आयोजित राज्य स्तरीय पांच दिवसीय आदान-प्रदान कार्यक्रम में भाग लेकर हरियाणा के अन्य जिलों के साथ हरियाणा और गोवा के बीच सांस्कृतिक संवाद को मजबूत किया। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को देश के विभिन्न राज्यों की परंपराओं, संस्कृति, जीवनशैली और सामाजिक मूल्यों से परिचित कराना रहा।

### हिंदू कन्या कॉलेज ने जीती रनर अप ट्राफी

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में आयोजित तीन दिवसीय इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल में हिंदू कन्या महाविद्यालय ने बेहतरीन प्रदर्शन करते रनर अप ट्रॉफी जीती। गायन, वादन, नृत्य एवं अभिनय के क्षेत्र में महाविद्यालय ने छह पुरस्कार प्रथम श्रेणी में एवं नौ द्वितीय पुरस्कार हासिल किए।

## पुलिस लाइन में कल जिलास्तरीय समारोह में मंत्री श्रुति फहराएंगी राष्ट्रीय ध्वज

# डीसी ने फाइनल रिहर्सल में फहराया राष्ट्रीय ध्वज व परेड की ली सलामी

### शहीदी स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि भी देंगी मंत्री

**समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा 19 झांकियां भी निकाली जाएंगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने शनिवार को स्थानीय नई अनाज मंडी में गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल के दौरान राष्ट्रीय ध्वज पुहराया। भव्य परेड का निरीक्षण किया तथा मार्च पास्ट की सलामी ली। इस अवसर पर उन्होंने परेड टुकडिय़ों के प्रदर्शन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अंतिम अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह भी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने बताया कि 26 जनवरी को आयोजित होने वाले जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। समारोह के तहत प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं मार्च पास्ट का फुल ड्रेस अभ्यास किया गया है। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह पुलिस लाइन में आयोजित होगा।



जींद। परेड की सलामी लेते डीसी मोहम्मद इमरान रजा।





जींद। फाइनल रिहर्सल सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### तिरंगे के सम्मान का विशेष ध्यान रखा जाए

डीसी ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान का विशेष ध्यान रखा जाए तथा उसका अनावश्यक उपयोग न किया जाए। जानकारी दी कि इस वर्ष 77वां गणतंत्र दिवस समारोह स्थानीय पुलिस लाइन में ही आयोजित किया जाएगा। खराब मौसम अथवा बारिश की स्थिति में कार्यक्रम को नई अनाज मंडी में आयोजित करने को वैकल्पिक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित करनें के भी निर्देश दिए। मंच व्यवस्था, रंगोली, सांस्कृतिक कार्यक्रम, साइन बोर्ड, चुना मार्किंग, प्रवेश द्वार, जलपान, पेयजल, शौचालय सहित सभी मूलभूत सुविधाएं समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों से संबंधित सभी व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने को कहा। ने निर्देश दिए कि शहीदों व वीरांगनाओं के लिए बैठने की समुचित एवं सम्मानजनक व्यवस्था की जाए ताकि गणतंत्र दिवस समारोह गरिमापूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हो।

### कल प्रत्येक उपमंडल में होंगे कार्यक्रम

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिला के सभी उपमंडलों में भी 77वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। 26 जनवरी को प्रत्येक उपमंडल में कार्यक्रम आयोजित होंगे। सफीदों उपमंडल में विधायक रामकुमार गौतम, उचाना में विधायक देवेंद्र अत्री, जुलाना में जिला परिषद चेयरपर्सन मनीषा रानी तथा नरवाना में पानीपत शहर के विधायक प्रमोद कुमार विज बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे और राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। सभी कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार, एसडीएम जींद सत्यवान सिंह मान, डीएमसी सुरेंद्र सिंह, नगराधीश मोनिका रानी, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज, जिला शिक्षा अधिकारी रितु, डीएसओ रामपाल हुड्डा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### गणतंत्र दिवस हम सभी के लिए गर्व और गौरव का दिन : डीसी

उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने जिलावासियों से आह्वान किया कि वे 26 जनवरी को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें। गणतंत्र दिवस हम सभी के लिए गर्व और गौरव का दिन है। क्योंकि इसी दिन भारत को उसका संविधान प्राप्त हुआ और देश एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य बना। गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा 19 झांकियां भी निकली जाएंगी इसके साथ ही समारोह मे परेड का नेतृत्व डीएसपी संदीप द्वारा किया जाएगा। परेड में हरियाणा पुलिस महिला वर्ग, पुलिस पुरुष वर्ग, होम गार्ड, एनसीसी सीनियर गर्ल्स, एनसीसी ब्वायज, भारत स्काउट एंड गाइड्स, प्रजातंत्र के प्रहरी तथा डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल के बुलबुल एवं ब्वायज सहित कुल नौ टुकडियां शामिल होंगी। मार्च पास्ट के दौरान आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल का बैंड मधुर धुन प्रस्तुत करेगा। इसके अतिरिक्त कई स्कूलों के सैकड़ों छात्रों द्वारा मास पीटी एवं डंबल की आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

## खबर संक्षेप

### शिक्षा भारती मॉडल स्कूल के विद्यार्थी चयनित



**नरवाना।** नरवाना उपमंडल में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए शिक्षा भारती मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों के नृत्य दल का चयन किया गया है। इस अवसर पर विद्यालय में खुशी और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। विद्यालय के विद्यार्थियों ने गणतंत्र दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए देशभक्ति और भारतीय संस्कृति पर आधारित नृत्य की विशेष तैयारी की। बच्चों ने नियमित रूप से अभ्यास कर नृत्य की ताल, लय, भाव भंगिमाओं और समूह समन्वय पर विशेष ध्यान दिया। प्रातःकालीन सभा के बाद तथा अतिरिक्त समय में बच्चों ने पूरे अनुशासन और समर्पण के साथ रिहर्सल की। डायरेक्टर वीरेंद्र बिढान ने कहा कि बच्चों ने कड़ी मेहनत और अनुशासन के साथ नृत्य की तैयारी की है। यह हमारे विद्यालय के लिए गर्व की बात है कि हमारे छात्र गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर उपमंडल स्तर पर अपनी प्रस्तुति देंगे।

### हर्षोल्लास व गौरव के साथ गणतंत्र दिवस मनाया



**नरवाना।** किड्स मेलोडी में 77 वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर देशभक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय प्राचार्या नीतू गोयल ने बताया कि 26 जनवरी का दिन हमारे इतिहास का सबसे गौरवपूर्ण क्षण है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतवासियों ने संप्रभुता की ओर कदम बढ़ाते संविधान बना कर लागू किया। हमारा संविधान विश्व का सबसे बडा और लिखित संविधान है। यह हमारी आजादी और अधिकारों का प्रहरी है। हमें हर कीमत पर इसकी रक्षा करनी चाहिए। विद्यालय ने सभी संविधान निर्माताओं के प्रति भी अपनी कृतज्ञता प्रकट की। वीर शहीदों व संविधान निर्माताओं को नमन के पश्चात कार्यक्रम शुरू हुआ। बच्चों ने देश भक्ति के गीत व कविता सुनाई। बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानियों की वेशभूषा पहनकर उनको याद किया। विद्यालय स्टाफ ने भी अपनी अपनी प्रस्तुतियां दी। संपूर्ण विद्यालय वंदे मातरम, जय संविधान के घोष से गूंज उठा। निदेशक राजेश गोयल ने सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी व इस अमूल्य धरोहर को संभाल कर रखने की अपील की।

### बालिका अधिकारों से संबंधित कानून बताए

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक के मार्गदर्शन में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ एवं आंतरिक शिकायत समिति के संयुक्त तत्वावधान में बालिका से संबंधित कानून एवं सामाजिक मुद्दे विशेष रूप से बाल विवाह निषेध अधिनियम विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। अवसर पर अधिवक्ता सारिका गांधी ने विस्तार व्याख्यान देते हुए बालिका अधिकारों से संबंधित विभिन्न कानूनों, बाल विवाह निषेध अधिनियम के प्रावधानों, इसके सामाजिक दुष्परिणामों तथा कानूनी संरक्षण और शिकायत निवारण तंत्र के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया। बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने में युवाओं की सक्रिय भूमिका पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम में कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ की संयोजक पूनम, महिला प्रकोष्ठ की संयोजक प्रेम पूनम, विभिन्न समितियों के सदस्य व महिला स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### जुलाना में कर्पूरी ठाकुर को किया नमन

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के लेबर शेड में महान समाज सुधारक व पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की जिलास्तरीय जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सैन समाज के प्रधान ईश्वर ठाकुर ने की। मुख्यातिथि के रूप में जय सिंह गोहाना ने शिरकत की। जींद जिला के प्रधान रणबीर तंवर, नरवाना से अमित उचाना से सुरेश कटारिया, सफीदों से बीरभान सैन, पिल्लूखेड़ा से विक्रम सैन, गोहाना से विक्रम ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में मंच संचालन गुरदास मिस्त्री ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्जवलन के साथ की गई। मुख्यातिथि जयसिंह ने कहा कि भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर ने सामाजिक समानता, शिक्षा और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया।



जुलाना। कार्यक्रम में भाग लेते गणमान्य लोग। फोटो :हरिभूमि



जुलाना। नई अनाजमंडी में प्रस्तुती देते छात्र। फोटो :हरिभूमि

### फाइनल रिहर्सल का आयोजन

**जुलाना।** जुलाना कस्बे की नई अनाजमंडी परिसर में 26 जनवरी को मनाए जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर शनिवार को फाइनल रिहर्सल का आयोजन किया । इस रिहर्सल में कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया ताकि राष्ट्रीय पर्व को भव्य व अनुशासित तरीके से मनाया जा सके। फाइनल रिहर्सल के दौरान पुलिसबल, एनसीसी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की टुकडियों ने परेड की अभ्यास प्रस्तुति दी। परेड में शामिल जवानों और छात्रों ने अनुशासन, तालमेल और जोश के साथ कदमताल करते सलामी दी। इसके साथ ही कस्बे के विभिन्न सरकारी व निजी स्कूलों के छात्र व छात्राओं ने गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान प्रस्तुत की जाने वाली सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की रिहर्सल की। छात्रों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, समूह गायन व नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### होनहार खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**नरवाना।** डीएवी स्कूल के होनहार एवं प्रतिभाशाली खिलाडियों को सम्मानित किया। गत 6 से आठ जनवरी तक रायपुर छत्तीसगढ़ में डीएवी नेशनल खेल प्रतियोगिता के दौरान तीरंदाजी खेल प्रतियोगिता में सौरभ ने अंडर 19 ग्रुप में तीन गोल्ड मेडल और इसके साथ-साथ नवीन खटकड़ ने भी अंडर 17 ग्रुप में तीन गोल्ड मेडल प्राप्त किए तथा 10 से 12 जनवरी तक नोएडा व दिल्ली में गर्ल्स की टूर्नामेंट आयोजित की गई। जिसमें तमन्ना ने स्केटिंग खेल प्रतियोगिता में दो गोल्ड मेडल प्राप्त किए और लॉग जंप खेल प्रतियोगिता में प्रीत ने सिल्वर मेडल तथा कुश्ती में प्रियंती ने गोल्ड मेडल प्राप्त प्राप्त कर विद्यालय एवं अभिभावकों का नाम रोशन किया। एसजीएफ आई नेशनल खेल प्रतियोगिता जो मणिपुर में आयोजित की थी। जिसमें शुभम ने आर्चरी खेल प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त किया।



नरवाना। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि



जींद। बैठक में भाग लेते अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### हर घर को मिले स्वच्छ पेयजल : जसवंत

**जींद।** हर घर को स्वच्छ पेयजल मिलना चाहिए जिसके लिए विभाग लगातार प्रयासरत है। यह बात जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के मुख्य अभियंता जसवंत सिंह ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल नरवाना में अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक के दौरान कही। इस मौके पर जिला सलाहकार रणधीर मताना, उप मंडल अभियंता नवीन कुमार मुंडे, उप मंडल अभियंता कुलदीप कुमार, खंड समन्वयक सुरेंद्र नरवाल उपस्थित रहे। मुख्य अभियंता ने कहा कि विभाग द्वारा सभी घरों में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए पेयजल आपूर्ति पाइपलाइन में कहीं लिकेज मिलती है तो विभाग द्वारा उसे तुरंत ठीक करवाया जा रहा है। समय-समय पर पेयजल की जांच करवाई जा रही है। इस मौके पर उन्होंने विभाग द्वारा करवाए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।



जींद। सेमिनार में भाग लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

### नेताजी की जयंती पर सेमिनार

**जींद।** भारत की जनवादी नौजवान सभा जिला कमेटी द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती व नौजवान भारत सभा के 100 वें वर्ष के मौके पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसका विषय नौजवान भारत सभा का घोषणा पत्र व नौजवानों के सामने चुनौतियां और संभावनाए था। इस सेमिनार के मुख्यवक्ता पूर्व छात्र नेता सुरेंद्र मलिक रहे। सेमिनार की अध्यक्षता नौजवान सभा के राज्य सचिव नरेश दनौदा ने की। सेमिनार को संबोधित करते सुरेंद्र मलिक ने बताया कि भारत देश को आजाद कराने के लिए शहीदे आजम भगत सिंह, चंद्र शेखर, राजगुरु, सुभाषचंद्र बोस ने अपने जीवन को कुर्बान कर दिया और सपना देखा था की एक ऐसा आजाद देश और समाज होगा, जहां एक देश के द्वारा दूसरे देश व एक इंसान के द्वारा दूसरे इंसान का शोषण नही किया जाएगा।

## महिलाओं ने सीखे पशुपालन के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विवि हिसार के विस्तार शिक्षा निदेशालय के तहत पशु विज्ञान केंद्र जींद द्वारा गांव शाहपुर में अनुसूचित जाति की महिलाओं के लिए पांच दिवसीय डेयरी फार्मिंग प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा प्रायोजित परियोजना के तहत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विस्तार शिक्षा निदेशक डा. गौतम के मार्गदर्शन में तथा पशु जांच रोग विशेषज्ञ डा. गौरी चंद्रात्रे द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरन सेवानिवृत विस्तार पशु विशेषज्ञ डा. श्योकंद ने पशुपालन संबंधित आधुनिक व नवीनतम जानकारी दी गई। जोकि पशुओं के रखरखाव व दूध उत्पादन बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी। जैसे कि बढ़ते शहरीकरण के कारण दूध उत्पादनों की जरूरत बढ़ रही है, उसको केवल अच्छी व उन्नत नसल के पशुओं, संतुलित व पौष्टिक आहार व बेहतर रखरखाव से ही पूरा किया जा सकता है। समापन समारोह के दौरान पशु चिकित्सक डा. रोबिन ने पशुओं को स्वस्थ रखने के लिए नियमित टीकाकरण करने की सलाह दी।



जींद। महिलाओं को पशुपालन की तकनीकों से अवगत करवाते हुए डा. गौरी।



जींद। कन्या की माताओं को सम्मानित करते हुए समाजसेवी दंपत्ति मास्टर सूरजभान अलेवा और उनकी पत्नी राजपति धारीवाल। फोटो :हरिभूमि

### 10 कन्याओं-माताओं को किया सम्मानित

**जींद।** नागरिक अस्पताल की डा. मंजू सिंगला के निर्देशन में समाजसेवी दंपत्ति मास्टर सूरजभान अलेवा एवं राजपति धारीवाल ने नवजात 10 कन्याओं के साथ उनको जन्म देने वाली माताओं को सम्मानित कर समाज को कन्या के सम्मान का संदेश मिला। इस अवसर पर प्रत्येक कन्या योजनाओं की खुशी में मिठाई, कन्या के लिए खिलौने गर्म ड्रेस तथा जन्म देने वाली महिला को 500 रुपये का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। डा. सिंगला ने पुरस्कार भेंट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम लिंगानुपात में सुधार तथा कन्याओं के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने बुजुर्ग दंपत्ति का नेक कार्य के लिए धन्यवाद करते उनकी दीर्घ आयु की कामना की।

## मोतीलाल स्कूल में क्विज प्रतियोगिता का किया आयोजन

# नेप्चून ने मारी बाजी, मार्स हाउस रहा द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारतीय संस्कृति में बसंत पंचमी का पर्व ज्ञान, विद्या, सृजनात्मकता एवं नवीन ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। इसी पावन पर्व के शुभ अवसर पर मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल की सैपलिंग शाखा में यूकेजी एवं कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों के मध्य एक संयुक्त एवं ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम नन्हे विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता, आत्मविश्वास एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावना को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास रहा।



जींद। प्रतियोगिता के विजेता बच्चे। फोटो :हरिभूमि

यह संपूर्ण कार्यक्रम विद्यालय की गतिविधि अधिकारी पूजा पसरीजा के मार्गदर्शन एवं देखरेख में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उनके सुनियोजित संचालन एवं बच्चों के अनुकूल गतिविधि प्रबंधन के कारण कार्यक्रम अत्यंत रोचक, अनुशासित एवं उद्देश्यपूर्ण सिद्ध हुआ। इस संयुक्त क्विज प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान के प्रति रुचि विकसित करनाए प्रश्नों को समझने एवं त्वरित उत्तर देने की क्षमता को बढ़ाना टीम वर्क एवं आत्मविश्वास को सुदृढ़ करना तथा खेल-खेल में सीखने की भावना को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में प्रश्नों को आयु स्तर के अनुरूप सरल एवं रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया। जिसमें चित्र आधारित प्रश्न, दैनिक जीवन से जुड़े सामान्य ज्ञान, रंग, आकार, भाषा एवं पर्यावरण से संबंधित प्रश्न सम्मिलित थे। दोनों कक्षाओं के छात्रों ने उत्साह व आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता में सभी सदनों के विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन किया। यूकेजी में विद्यार्थियों ने तीव्र स्मरण शक्ति और सीखने की कला का परिचय देते नेप्चून हाउस ने पहला, मार्स ने दूसरा व मरकरी ने तीसरा स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### बसंत पंचमी ज्ञान का पर्व

अध्यक्ष संदीप दहिया व प्राचार्य रविंद्र कुमार ने अपने प्रेरणादायक विचार व्यक्त करते कहा कि बसंत पंचमी ज्ञान, विवेक और नई शुरुआत का पर्व है। आज के इस संयुक्त क्विज कार्यक्रम में हमारे नन्हे विद्यार्थियों ने यह सिद्ध कर दिया कि सही मार्गदर्शन और सकारात्मक वातावरण मिलने पर बच्चे असाधारण प्रदर्शन कर सकते हैं। हमारा उद्देश्य बच्चों को केवल किताबी ज्ञान देना नही बल्कि उन्हें आत्मविश्वासी, जिज्ञासु और संस्कारवान बनाना है।



जींद। चुनी गई नई कार्यकारिणी। फोटो :हरिभूमि

### सतविंदर ढिल्लों प्रधान नियुक्त

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जींद विवि इकाई की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा विवि परिसर में आयोजित किया। अवसर पर सतविंदर ढिल्लों को जींद विवि इकाई का अध्यक्ष तथा मुस्कान को इकाई मंत्री नियुक्त किया गया। इस महत्वपूर्ण घोषणा को एबीवीपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहन सैनी ने आधिकारिक रूप से किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में विद्यार्थी, परिषद के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। विशेष रूप से इस अवसर पर पंजाब यूनिवर्सिटी के छात्र संघ अध्यक्ष की उपस्थिति रही। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहन सैनी ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ छात्र हितों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सतविंदर ढिल्लों और मुस्कान दोनों ही छात्र हितों के लिए लंबे समय से सक्रिय रहे हैं और संगठनात्मक कार्यों में उनकी भूमिका सराहनीय रही है।

### रिहर्सल कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने दी प्रस्तुतियां

# गणतंत्र दिवस समारोहः फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल में झलका देशभक्ति का जज्बा







कैथल। डीसी अपराजिता गणतंत्र दिवस समारोह की रिहर्सल मे परेड की सलामी लेते व रिहर्सल में परेड करते पुलिस के जवान तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

■ डीसी अपराजिता ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया और मार्च पास्ट की सलामी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस को जिला स्तर पर भव्य रूप से मनाने के लिए शनिवार को स्थानीय पुलिस लाइन मैदान में फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल आयोजित की गई। इसमें डीसी अपराजिता ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने ध्वज फहराया और मार्च पास्ट की सलामी ली। इस अवसर पर उनके साथ पुलिस अधीक्षक उपासना मुख्य रूप से उपस्थित रही। रिहर्सल की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा तिरंगा फहराने के साथ हुई। इसके बाद डीएसपी ललित यादव के नेतृत्व में जिला पुलिस (पुरुष व महिला), होम गार्ड, एनसीसी आर्मी डिवीजन, गर्ल्स गाइड और ओपन स्काउट की टुकड़ियों ने शानदार मार्च पास्ट किया। डीसी अपराजिता ने परेड का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली। परेड के उपरांत स्कूली विद्यार्थियों ने शारीरिक कौशल का प्रदर्शन किया। एईओ रमेश चहल के मार्गदर्शन में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने पीटी और डंबल शो का प्रदर्शन किया। इसके बाद डीएवी स्कूल पूंडरी के विद्यार्थियों ने योग की कठिन मुद्राओं और सूर्य नमस्कार से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

फाइनल रिहर्सल का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम रहे, जो देश भक्ति भाव सहित विभिन्न राज्यों की के साथ-साथ हरियाणवी संस्कृति से ओत-प्रोत थे। सबसे पहले हरियाणा गीत की प्रस्तुति दी गई। इसके बाद दर्शन अकादमी के बच्चों ने हरियाणवी समूह नृत्य पेश किया। इसके बाद राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (जाखौली अड्डा) तथा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कमेटी चौक की छात्राओं ने लोक गीतों पर नृत्य कर हरियाणा की समृद्ध विरासत पेश की।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एसपी उपासना, जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश, डीएमसी कपिल शर्मा, एमडी शुगर मिल कृष्ण कुमार, सीटीएम गुरविंद्र सिंह, डीईओ सुभाष, डीआईपीआरओ नसीब सैनी, एआईपीआरओ अमित कौशिक, डीएसपी सुशील प्रकाश, प्रवीन थरेजा सहित स्कूल प्रतिनिधि मौजूद रहे।

#### सांसद नवीन जिंदल होंगे मुख्य अतिथि

डीसी अपराजिता ने बताया कि 26 जनवरी को आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद स्मारक पर अमर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ होगी। इसी प्रकार गुहला में विधायक सतपाल जांबा तथा कलायत में जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल तिरंगा फहराएंगे।

#### झांकियों में दिखेगी प्रदेश के विकास की झलक

गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा विकासात्मक और सामाजिक मुद्दों पर आधारित भव्य झांकियां निकाली जाएंगी। साथ ही, समाज सेवा और उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों तथा नागरिकों को सम्मानित भी किया जाएगा।



सीवन। सीवन में आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी। फोटो : हरिभूमि

# भाजपा राष्ट्र निर्माण का एक मजबूत संकल्प : ज्योति सैनी

■ कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों का उत्साह बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने नगर के पार्षद विकास शर्मा के निवास पर आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत कर कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर भाजपा संगठन की मजबूती और एकजुटता का सुंदर दृश्य देखने को मिला। कार्यक्रम में उनके साथ जिला उपाध्यक्ष शैली मुंजाल तथा मार्केट कमेटी सीवन के वाइस चेयरमैन विक्रम मुंजाल भी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगर के जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। उपस्थित लोगों में पार्षद रामदास, सोनू, विक्की ग्रोवर, पार्षद रेनू बाला, पार्षद धर्मेंद्र शर्मा, पार्षद श्री राम वाल्मीकि, संदीप सैनी, रजत सैनी, एडवोकेट महेंद्र पाल गर्ग, मनोनीत पार्षद सतीश मुंजाल, मार्केट कमेटी के अध्यक्ष शमशेर सिंह सैनी, सोनू सैनी (खानपुर) सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे। ज्योति सैनी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक मजबूत संकल्प है। पार्टी की असली ताकत उसके कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि हैं, जो निरंतर जनसेवा के कार्यों में जुटे रहते हैं। उन्होंने कहा कि नगर से लेकर गांव तक भाजपा की नीतियां आमजन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही हैं।

#### मिलकर समाधान सुनिश्चित करें

ज्योति सैनी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा जनकल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने पार्षदों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने वार्डों में जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाएं और संगठन के साथ मिलकर समाधान सुनिश्चित करें।

### दहेज प्रताड़ना के आरोप में पति नामजद

**कैथल।** थाना सदर पुलिस कैथल में मारपीट और दहेज प्रताड़ना का एक मामला दर्ज किया है। गांव उझाना की एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसकी शादी कुछ समय पूर्व विकास के साथ रिती रिवाज अनुसार हुई थी। शादी के समय दिए गए दहेज से वर पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं थे तथा और अधिक दहेज की मांग को लेकर उसे मारपीट करते थे तथा प्रताड़ित भी करते थे। हर रोज की मारपीट से परेशान आकर वह अपने मायके लौट आई और पुलिस को शिकायत दी। एएसआई बलजीत ने बताया कि पुलिस ने महिला की शिकायत पर उसके पति विकास के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शिक्षण की सफलता के लिए पाठ योजना बहुत आवश्यकः डा. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



एसडीएम कॉलेज में प्रशिक्षण के दौरान मौजूद स्टाफ सदस्य व अन्य।

सावित्री देवी मेमोरियल कॉलेज आफ एजुकेशन राजौंद में प्राचीन शिक्षाविद हर्बर्ट पद्धति पर आधारित एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय हर्बर्टियन एण्ड आर. सी.इ.एम.उपागम द्वारा पाठ योजना कैसे तैयार की जाती है। इस कार्यशाला का आयोजन कॉलेज के प्राचार्य डा. राधेश्याम यादव की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन डा. दिग्विजय सिंह एवं डा. अंग्रेज सिंह सहायक प्रोफेसर अध्यापक शिक्षा एवं प्रशिक्षण शोध संस्थान कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यशाला में पाठ योजना का स्वरूप एवं पाठ योजना कैसे बनाएं, हर्बर्ट की पाठ योजना बनाने की क्या प्रणाली है एवं इनकी पाठ योजना के सभी पक्षों पर विस्तारपूर्वक दोनो अतिथियों ने चर्चा की। कॉलेज प्रार्चाय डॉ. राधेश्याम यादव ने भी पाठ योजना का स्वरूप एवं उसकी आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जैसे किसी भी कार्य की सफलता के लिए कार्य की योजना की आवश्यकता होती है उसी प्रकार शिक्षण की सफलता के लिए पाठ योजना बहुत आवश्यक है।

### बिजली कर्मचारी के खाते से उड़ाई साढ़े तीन लाख रुपये की नकदी

**जींद।** बिजली बोर्ड में कार्यरत कर्मी के खाते से साइबर ठगों ने मोबाइल फोन हैक कर साढ़े तीन लाख रुपये उड़ा लिए। शिकायत के आधार पर साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उचाना मंडी निवासी सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बिजली बोर्ड में कार्यरत है। गत 21 जनवरी को उसके मोबाइल फोन पर दर्जनभर आटीपी आए। जिसमें उसके उज्जीवन बैंक खाते से किसी अनजान व्यक्ति को बेनीफिशरी के रूप में जोड़ा गया। जिस पर उसने बैंक प्रबंधन के टोल फ्री नंबर कॉल करके बताया। बैंक वालों ने बताया कि आपके पास जो आटीपी आए हैं, वह किसी के साथ शेयर न करें। अगर कोई लिंक आया है तो उसे ओपन न करें। 22 जनवरी को उसके फोन पर फिर से नौ आटीपी नंबर आए। जिसके बाद उसके खाते से एक लाख 80 हजार रुपये कटने का मैसज आया। फिर उसके खाते से एक लाख 70 हजार रुपये कटने का मैसज आया। जबकि उसने न तो आटीपी नंबर शेयर किया और न ही कोई लिंक क्लिक किया। बावजूद इसके उसके खाते से साढ़े तीन लाख रुपये गायब हो गए। सुनील ने आरोप लगाया कि उसके फोन को हैक कर खाते से राशि को ट्रांसफर किया गया है।

### स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर दिया स्वदेशी अपनाने का संदेश

**ढांड।** बाबू अनन्त राम जनता महाविद्यालय कौल की एनएसएस इकाई द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल के कुशल निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नैन्सी गुलाटी के संयोजन में ग्राम चंदलाना में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन की शुरुआत प्रातःकालीन सभा, एरोबिक्स एवं शारीरिक व्यायाम के साथ उत्साहपूर्ण वातावरण में हुई। इसके उपरांत एन.एस.एस. स्वयंसेवकों द्वारा गांव चंदलाना में "स्वदेशी अपनाओ, देश को आगे बढ़ाओ" के संदेश के साथ जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग, आत्मनिर्भर भारत की भावना तथा देशी उत्पादों के महत्व के प्रति जागरूक किया। जोशीले नारों और अनुशासित पंक्तियों ने वातावरण को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। रैली के पश्चात शिविर में डॉ. सोनिया रानी द्वारा माई भारत पोर्टल पर एक उपयोगी व्याख्यान दिया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को पोर्टल के उद्देश्य, पंजीकरण प्रक्रिया, युवा सहभागिता, कौशल विकास तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। स्वयंसेवकों ने इस डिजिटल प्लेटफॉर्म को अपने भविष्य के लिए अत्यंत लाभकारी बताया।

## खबर संक्षेप



### माइनर टूटने से 25 एकड़ फसल जलमग्न

**नरवाना।** नरवाना उपमंडल के गांव सुलहेड़ा में माइनर टूटने से लगभग 25 एकड़ फसल जलमग्न हो गई। माइनर गत 19 जनवरी को भी टूट चुकी थी। जिस पर ठेकेदार ने तुरंत लीपापोती करके इसको ढक दिया लेकिन अभी यह पूरी तरह से सुखी भी नही थी कि पीछे से पानी छोड़ दिया गया। जिसका परिणाम 25 एकड़ फसल बर्बाद होकर देखने को मिला। किसान नरेश ने बताया कि उसकी 15 एकड़ फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। जबकि काफी मकानों को भी नुकसान पहुंचा। मौके पर मौजूद किसानों ने बताया कि यह जानकारी विभाग को थी उसके बावजूद उन्होंने पीछे से पानी छोड़ दिया। फिलहाल किसान अपनी मजबूरी को रो रहा है और अपनी फसल को देखकर आंसू पोछ रहा है। गलती किसी की भी रही हो चाहे वह ठेकेदार हो चाहे विभाग हो लेकिन उसका खामियाजा तो किसान को ही भुगतना पड़ा।



### करोड़ा में बालिका दिवस पर निकाली रैली

**राजौंद।** सत्य भारती स्कूल करोड़ा में बालिका दिवस पर रैली निकाली गई। इस दौरान बच्चों ने नारे और नुक्कड़ नाटक के जरिए ग्रामीणों को बालिका दिवस पर संदेश दिया कि की लड़कियों को पढ़ाना और आगे लेकर आना कितना महत्वपूर्ण है। लड़कियां यह किसी भी क्षेत्र में लड़कों से कम नहीं है। राष्ट्रीय बालिका दिवस हर साल 24 जनवरी को मनाया जाता है। यह राष्ट्रीय कार्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। देश में लड़कियों को ज्यादा सहायता और नए मौके देने के लिए इस उत्सव की शुरुआत की गई। यह समाज में बालिकाओं द्वारा सभी असमानताओं का सामना करने के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने के बारे में मनाया जाता है। लड़कियों को आत्मनिर्भर और अहम दर्जा देना इस दिवस का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर स्कूल की मुख्य अध्यापिका सुमन देवी, अध्यापिका गीता देवी, अनीता देवी, सुषमा ,पूनम देवी और अध्यापक रमेश कुमार मौजूद रहे।



### कथा में माघ स्नान का महत्व बताया

**पूंडरी।** श्री सनातन धर्म शिव मंदिर पूंडरी में आयोजित श्री गायत्री महायज्ञ एवं माघ महात्म्य कथा के दौरान आचार्य मानसू भारद्वाज ने प्रवचन करते हुए माघ मास और प्रयाग स्नान के महत्व का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि माघ मास में संगम पर किया गया स्नान व्यक्ति को जन्म-मरण के बंधन से मुक्त करता है और समस्त पापों का नाश करता है। आचार्य भारद्वाज ने कथा के माध्यम से बताया कि किस प्रकार अवन्ती देश के राजा वीरसैन द्वारा किए गए बड़े-बड़े यज्ञों की तुलना में साधारण ब्राह्मण भद्रक को केवल माघ मास में तीन दिन स्नान करने से समान फल प्राप्त हुआ। इससे माघ स्नान की महिमा सिद्ध होती है। उन्होंने देवद्युति ब्राह्मण और पिशाच मोचन की कथा सुनाते भक्ति, तप और भगवान विष्णु की कृपा का महत्व भी बताया। कथा में बताया गया कि सच्ची भक्ति और तपस्या से भगवान स्वयं भक्त के समक्ष प्रकट होते हैं और उसे वरदान प्रदान करते हैं। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने कथा को श्रद्धापूर्वक सुना। महायज्ञ के मुख्य यजमान राजेश गर्ग अपनी धर्मपत्नी सुदेश गर्ग के साथ परिवार सहित उपस्थित रहे।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और धार्मिक वातावरण में कथा एवं यज्ञ संपन्न हुआ।

### वसंत पंचमी पर विद्यार्थियों ने हवन में दी आहुति

**कैथल।** विद्यालय में वसंत पंचमी के पावन अवसर पर आकेएसडी पब्लिक स्कूल में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए विशेष हवन का आयोजन किया गया। इस हवन का उद्देश्य विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं से पूर्व सकारात्मक ऊर्जा एवं आशीर्वाद प्रदान करना था। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या निवेदिता भट्ट, उप- प्राचार्या वीना बंसल, शिक्षकगण एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### आभूषण-नकदी चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** थाना सदर क्षेत्र में एक मकान का ताला तोड़कर आभूषण व नकदी चोरी करने के मामले की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई ईशम सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी बंजारा कालोनी ढांड निवासी सुमित उर्फ सुखा को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया।

### युवा राष्ट्र निर्माण में दें योगदान : विजेंद्र

**कैथल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कैथल के सभागार में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत 15 से 29 वर्ष के युवाओं को आमंत्रित किया गया था जिसमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर आधारित भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विजेता प्रतिभागियों को प्रथम इनाम जितेंद्र ₹1100 द्वितीय खुशी ₹750 तृतीय मन्नू देवी ने ₹500 डीबीटी के माध्यम से दिया गया।

### मार्केट कमेटी कार्यालय में विशेष अंदाज में मनाया जाएगा सीएम सैनी का जन्मदिन

**कलायत।** कलायत स्थित मार्केट कमेटी परिसर में 25 जनवरी को प्रदेश मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जन्मदिन विशेष और पारंपरिक अंदाज में मनाया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता-पदाधिकारी, किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी व गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। आयोजन की रहनुमाई मार्किट कमेटी चेयरमैन राजकिशन काका राणा करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत हवन-यज्ञ से होगी। भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत ने बताया कि आयोजन के माध्यम से मुख्यमंत्री की लंबी उम्र, उत्तम स्वास्थ्य और प्रदेश की खुशहाली की कामना की जाएगी। हवन के उपरांत मिष्ठान वितरण किया जाएगा और उपस्थित कार्यकर्ता एक-दूसरे को मुख्यमंत्री के जन्मदिन की शुभकामनाएं देंगे। आयोजन को सादगी और अनुशासन के साथ मनाने का निर्णय लिया गया है। विश्वकर्मा समाज संगठन के नेता धर्मपाल धीमान ने बताया कि बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों, व्यवस्थाओं और जिम्मेदारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। इसलिए उनका जन्मदिन सेवा एवं समर्पण के भाव से मनाया जाएगा। सभी ने आयोजन को सफल बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव रखे और जिम्मेदारियां निभाने का आश्वासन दिया। राजीव राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री के जन्मदिन को लेकर उत्साह का माहौल है। यह आयोजन प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देगा।

# सेवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा मुख्यमंत्री का जन्मदिन : डा. सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जन्मदिन 25 जनवरी को पूरे प्रदेश में बड़े हर्षोल्लास और सेवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर राज अस्पताल में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। जिसमें अनेकों युवा साथी रक्तदान कर पुण्य के भागी बनेंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी का 56वां जन्मदिन रक्तदान शिविर लगा कर मनाया जाएगा। यह रक्तदान शिविर सुबह नौ बजे से सायं चार बजे तक चलेगा। साल 2025 में उन्होंने अपना 55वां जन्मदिन सफाईकर्मियों के साथ मनाया था। नगर परिषद अध्यक्ष डा. अनुराधा सैनी ने बताया कि मुख्यमंत्री के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिसमें जन कल्याणकारी कार्यों पर जोर दिया जाता है। पिछले वर्ष का जन्मदिन 25 जनवरी को सीएम सैनी ने अपने निवास पर सफाईकर्मियों के साथ खाना खा कर और चाय पीकर अपना जन्मदिन मनाया था। जिसके बाद उन्होंने पत्रकारों के लिए कैशलेस इलाज की सुविधा का ऐलान भी किया था। यह एक अनूठी परंपरा है। जहां सत्ता का हंसमुख चेहरा जनता के साथ सीधे जुड़ कर अपना जन्मदिन मनाता है। डा. अनुराधा सैनी ने बताया कि हरियाणा सरकार राज्य के नागरिकों, श्रमिकों, बुजुर्गों और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई प्रमुख कल्याणकारी योजनाएं चला रही है।

**कार्यक्रम** जाट स्कूल के स्वयंसेवकों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

# युवाओं को जिम्मेदार बनने का दिया संदेश

■ बच्चों को मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

25 जनवरी मतदाता जागरूकता दिवस के अवसर पर जाट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एनएसएस के तत्वाधान में आयोजित एकदिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में एन एस एस यूनिटों के स्वयंसेवकों विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लिया। कैंप की शुरुआत मतदाता जागरूकता रैली से हुई, जिसे विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने स्वयंसेवकों को लोकतंत्र में मतदान के महत्व पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी और युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के अंतर्गत पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।पेंटिंग प्रतियोगिता में हिमांशु और उदयवीर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सेजल और सानवी ने द्वितीय स्थान तथा तमन्ना और प्रीति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में मोहित ने प्रथम स्थान यश ने द्वितीय स्थान तथा आयुष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन प्रतियोगिताओं ने विद्यार्थियों में रचनात्मकता, अभिव्यक्ति और सामाजिक चेतना को प्रोत्साहित किया। एनएसएस अधिकारी सुनील कुमार व पूनम ने कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया। उन्होंने स्वयंसेवकों को मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। जाट हाई स्कूल सोसाइटी के प्रधान राजकुमार बेनीवाल, उप प्रधान बलजिंदर बनवाला , महासचिव एडवोकेट रश्मि सिंह ढुल व कोषाध्यक्ष बलकार नैन ने मतदाता जागरूकता दिवस पर सभी स्वयंसेवकों बधाई दी। राजकुमार बेनीवाल ने बताया लोकतंत्र के पर्व में मतदान का विशेष महत्व है प्रत्येक मतदाता को अपने मतदान का प्रयोग करना चाहिए और लोकतंत्र को मजबूत बनाना चाहिए। उन्होंने बच्चों को मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।




कैथल। मतदाता जागरूकता अभियान चलाते जाट स्कूल के स्वयंसेवक फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

कार्यकारिणी के अन्य सदस्य डॉक्टर सत्यवान माजरा, दलवीर कैरो, महावीर राविश, राजपाल गुहना ,सन्नी चौशाला, महावीर कुंडू, विक्रम सोगल, कुलदीप सिंह, रजत रापड़िया, स्वतंत्र पाल सिंह व जसवीर मानस मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### दहेज-हत्या का आरोपित पति गिरफ्तार

**जींद।** पुलिस ने एक महिला की मौत के मामले में दहेज हत्या के आरोपित पति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया है। शहर थाना सफीदों प्रभारी पूर्णदास ने बताया कि 22 जनवरी को बोहली निवासी मोनिका उर्फ मनीषा ने जहरीला पदार्थ निगल लिया था। नागरिक अस्पताल में उसकी मौत हो गई थी।

### मारपीट कर दो भाइयों को किया घायल

**कैथल।** गांव सिनंद में शराब के ठेकेदार दो भाइयों से मारपीट का मामला सामने आया है। मामले में कलायत थाना पुलिस ने 7 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में सतीश कुमार ने बताया कि 21 जनवरी को वह छोटे भाई परमजीत के साथ बाइक पर ठेके की किस्त भरने के लिए 2.10 लाख रुपए लेकर जा रहे थे। तभी सुनील, रामसिंह, सतीश, राजपाल, चरण सिंह, राजेश और अंकित ने रास्ता रोक लिया व जेली, गंडासी और डंडों से हमला कर दिया।

### जबरन जमीन पर कब्जे का प्रयास, मामला दर्ज

**जींद।** गांव निर्जन में जबरन जमीन पर कब्जा करने की कोशिश करने तथा धमकी देने पर सदर थाना पुलिस ने पांच लोगों को नामजद कर 20 अन्य के खिलाफ शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच की जा रही है। निर्जन निवासी सोनिया ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### अफीम बरामदगी मामले में सप्लायर गिरफ्तार

**कैथल।** 2 किलो 605 ग्राम अफीम बरामदगी मामले की जांच एंटी नारकोटिक सैल के एएसआई जगभान सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी जाग्गर जिला गया बिहार निवासी राजीव रंजन को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 30 जुलाई को एंटी नारकोटिक सेल के एसआई बलराज सिंह की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कैथल ढाण्ड रोड खनौदा मोड टीक पर नाका बन्दी कर ढाण्ड से आई गाड़ी को टीम ने अमन विहार कॉलोनी बरवाला जिला हिसार निवासी सुभाष को काबू किया गया था।

### मारपीट करने पर छह के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** गांव मनोहरपुर में दुकानदार के साथ मारपीट करने, धमकी देने पर सदर थाना पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव मनोहरपुर निवासी सोनू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव में दुकान चलाता है। गांव के कप्तान के साथ उसकी कहासुनी हो गई थी।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से व्यक्ति घायल

**कैथल।** कस्बा सीवन के फिरोजपुर रोड पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया है। अर्जुन नगर कैथल के दिनेश कुमार ने थाना सीवन पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 21 जनवरी को जब वह बाद दोपहर करीब 2:00 बजे फिरोजपुर रोड से जा रहा था तो अज्ञात चालक ने बाइक को तेज लापरवाही से चलते चपेट में लेकर घायल कर दिया।

### बकाया आढ़त को लेकर सरकार के प्रति बना रोष

**पाई।** आढ़तियों द्वारा प्रदेश सरकार से धान पर लगने वाली आढ़त देने की पूरजोर मांग के बावजूद सरकार ने उनकी आढ़त देने का मन बना लिया है, परंतु उसके बाद भी आढतियों में इसको लेकर रोष है। पाई मंडी पूर्व प्रधान रणधीर सिंह ने बताया की सरकार द्वारा आढ़तियों को यह आढ़त 55 रुपये प्रत्येक कुंतल देने की घोषणा की हुई है।

### कमालपुर में मारपीट में महिला घायल

**कैथल।** कमालपुर में हुई मारपीट में एक महिला घायल हो गई। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया है। कमालपुर की रोशनी ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कविता, मनदीप, मनप्रीत और फूल कुमार ने मिलकर रास्ता रोकते उसे पर लाठी गंडासियों से मारपीट करते उसे घायल कर दिया।

# अस्पताल प्रशासन को टूंटियां चोरी होने का भय, स्थायी कर्मचारी की होगी व्यवस्था

## नागरिक अस्पताल में नहीं खोले जा रहे शौचालयों से ताले, केवल सीएमओ को दिखाने के लिए खोले थे ताले

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में पहले तो शौचालयों के जीर्णोद्धार का कार्य पूरा नहीं होने से मरीजों को परेशानी हुई। अब इनका काम पूरा होने के बावजूद इन पर ताले लटके रहने से मरीज परेशान हो रहे हैं। अस्पताल प्रशासन को अब इन शौचालयों से सामान चोरी होने का भय सता रहा है। पहले भी इन शौचालयों से टूंटियां चोरी हो चुकी हैं, इसी भय के कारण इन शौचालयों पर ताले लटके हैं। अस्पताल प्रशासन अब इन शौचालयों के स्पेशल कर्मचारी की ड्यूटी लगाने जा रहा है। पिछले तीन महीने से नागरिक अस्पताल के जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। इस जीर्णोद्धार के चलते अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में दोनों शौचालयों को तोड़ कर इनकी मुरम्मत का कार्य किया गया। लगभग दो महीने तक शौचालयों की सुविधा नहीं होने से मरीज परेशान रहे। अब पिछले सप्ताह ही पीडब्ल्यूडी ने इन शौचालयों का कार्य पूरा करके स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर कर दिया। एक दिन तो शौचालय पूरा दिन खुले रहे लेकिन उसके बाद इन पर ताले लटक गए। ऐसे में अब मरीजों को परेशानी हो रही है। गांव कंडेला निवासी राजेश ने कहा कि जब इन शौचालयों पर ताले ही लगाने थे तो इनको ठीक क्यों करवाया गया। सीएमओ डा. सुमन कोहली ने गत 21 जनवरी को जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल का निरीक्षण किया था। उस दौरान शौचालयों के ताले खोल दिए गए थे। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने शौचालयों में जाकर खुद टूंटियों को चला कर देखा था। इसके साथ ही पुरानी बिल्डिंग में वार्ड में जाकर साफ-सफाई व्यवस्था को जांचा और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण संपन्न होने के बाद फिर से शौचालयों पर ताले लगा दिए गए। नागरिक अस्पताल में 24 घंटे शौचालय खुले रहते हैं। कई बार नशेड़ी किस्म के लोग यहां से सामान चोरी कर ले जाते हैं। इसके अलावा टूंटियों को भी खोल कर ले जाते हैं। टूंटियां खुलने से यहां पानी बहता रहता है। अस्पताल प्रशासन ने कई बार इन टूंटियों को लगवाया है। बार-बार सामान चोरी होने की शिकायतें आती रहती हैं। दस महीने पहले एक युवक यहां सामान चोरी करता पकड़ भी था। उसके खिलाफ मामला भी दर्ज किया गया था।




**जींद।** नागरिक अस्पताल व शौचालय पर लगे ताले।



### कई बार टूंटियां चोरी हो चुकी

नागरिक अस्पताल के कार्यकारी प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि सोमवार से इन शौचालयों के बाहर स्थायी कर्मचारी की नियुक्ति कर दी जाएगी। इसके बाद चोरी होने का भी भय नहीं रहेगा। शौचालयों को बंद नहीं किया गया है। इन शौचालयों की टूंटियां कई बार चोरी हो चुकी हैं। ऊपर वार्डों में शौचालयों की पूरी व्यवस्था है। वहीं इमरजेंसी में आने वाले मरीजों के लिए वहां पर व्यवस्था है।



**कैथल।** एसडीएम गुरविंद्र सिंह सड़क का निरीक्षण करते। *फोटो :हरिभूमि*

# गुणवता को लेकर किसी तरह की कोताही नहीं बरती जाए : गुरविंद्र

## एसडीएम ने सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कैथल

कैथल से पटियाला मार्ग में गड्ढों को लेकर डीसी अपराजिता के निर्देशानुसार एसडीएम गुरविंद्र सिंह ने शनिवार को एक्सईएन लोक निर्माण विभाग सुरेंद्र सिंह के साथ आवश्यक निरीक्षण किया। गड्ढे भरने के संबंध में आवश्यक निर्देश भी जारी किए। इस सड़क में गड्ढे को लेकर डीसी अपराजिता ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए थे। इन निर्देशों के बाद इन गड्ढों को भरने का काम शुरू कर दिया गया है। डीसी के निर्देशानुसार एसडीएम गुरविंद्र सिंह शनिवार को आवश्यक निरीक्षण के लिए पहुंचें। बताया कि कैथल-पटियाला मार्ग पर चीका तक सड़क में गड्ढे भरे जा रहे हैं। एक्सईएन के साथ कार्य का निरीक्षण किया गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़क में कोई भी गड्ढे न बचें। ताकि लोगों को हादसों से बचाया जा सके। इस कार्य में गुणवता को लेकर किसी तरह की कोताही नहीं बरती जाए। लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी व अधिकारी इस कार्य पर नजर रखें।

### आज बेरोजगारी चरम पर, अफसरशाही बेलगाम

**पूंडरी।** पूंडरी में हुई बैठक में इनेलो के युवा नेता अमन माजरा ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से हरियाणा की जनता परेशान है। किसानों, युवाओं और मजदूरों के सामने गंभीर संकट है। आरोप लगाया कि सरकार जनमुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए जाति-धर्म की राजनीति कर रही है। कहा कि बेरोजगारी चरम पर है, अफसरशाही बेलगाम हो चुकी है और ग्रामीण विकास ठप पड़ा है। चेतावनी दी कि यदि जनविरोधी नीतियां वापस नहीं ली गईं तो इनेलो लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करेगी। उन्होंने बताया कि 28 जनवरी को कैथल के आरकेएम फार्म में इनेलो का युवा सम्मेलन आयोजित होगा। सम्मेलन में इनेलो प्रदेश अध्यक्ष चौधरी रामपाल माजरा उपस्थित रहेंगे, जबकि युवा प्रदेश अध्यक्ष कर्ण चौटाला मुख्य अतिथि होंगे। बैठक में हलका अध्यक्ष सुरजीत पबनावा मौजूद थे।

## गणतंत्र दिवस: शहर में चप्पे-चप्पे पर रहेगी पुलिस की नजर

# जींद में पुलिस सुरक्षा चाक-चौबंद 27 नाके और 1150 जवान तैनात

## दो स्वेट टीमें (कमांडो) आधुनिक हथियारों से लैस लगातार गश्त करेंगी

**4 डीएसपी स्तर के अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करेंगे**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) के शांतिपूर्ण, गरिमामय एवं सुरक्षित आयोजन को लेकर जींद पुलिस ने जिलेभर में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था लागू की है । पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह के नेतृत्व में जिले को सुरक्षा चक्र में लेते हुए हर स्तर पर कड़े प्रबंध किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा गणतंत्र दिवस की फाइनल रिहर्सल के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर मौके पर तैनात सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूरी सतर्कता, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ अपनी ड्यूटी निभाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों एवं क्राइम यूनिट प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में होटल, सराये, धर्मशालाओं एवं सार्वजनिक स्थलों की सघन जांच करने के आदेश दिए हैं। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के पाए जाने पर तत्काल जांच एवं चरित्र सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। जिला जींद में सुरक्षा का कड़ा घेरा गणतंत्र दिवस के मद्देनजर पूरे जिले में कुल 27 पुलिस नाके लगाए गए हैं जिनमें से 15 नाके शहर जींद में स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त शहर में चार पेट्रोलिंग पार्टियां तथा जिलेभर में 15 पेट्रोलिंग पार्टियां, 24 रिस्पॉन्स वाहन, 25 राइडर बाइक यूनिट, 2 स्वेट टीमें (कमांडो) आधुनिक हथियारों से लैस होकर लगातार गश्त करेंगी 26 जनवरी के मुख्य कार्यक्रम के दौरान चार डीएसपी स्तर के अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करेंगे। इसके साथ ही करीब 1150 से अधिक पुलिस अधिकारी-जवान कार्यक्रम स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में तैनात रहेंगे। भीड़भाड़ वाले इलाकों में सादे कपड़ों में पुलिस कर्मचारी भी तैनात किए हैं, जो हर संदिग्ध गतिविधि पर कड़ी नजर रखेंगे।





### संदिग्ध की तुरंत 112 पर सूचना दें



पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने निर्देश दिए हैं कि अगले दो दिनों तक सभी नाकों पर बाहर से आने वाले वाहनों की सघन जांच की जाएगी ताकि किसी भी असामान्य या अवांछित गतिविधि को समय रहते रोका जा सके। जींद पुलिस आमजन से अपील करती है कि वे पुलिस का सहयोग करें किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस थाने या डायल 112 पर दें।

## कैथल: 600 कर्मचारी तैनात

**कैथल।** गणतंत्र दिवस पुलिस लाइन में धूमधाम से मनाया जा रहा है। समारोह के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अलर्ट मोड पर है। आम लोगों के जान-माल की सुरक्षा तथा अराजक गतिविधियों को मद्देनजर सुरक्षा की दृष्टि से छेडछाड, चोरी, छीना-झपटी, चेन स्नेचिंग की घटनाओं पर पैनी नजर रखते शांति व कानून एवं व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस द्वारा व्यापक तौर पर समुचित सुरक्षा प्रबंध किया गया है। पुलिस अधीक्षक उपासना ने बताया कि सभी थाना प्रबंधकों द्वारा सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर अपने अपने अधिकार क्षेत्र में पडने वाले सभी होटल, लॉज, धर्मशाला सहित अन्य धार्मिक स्थानों आदि की जांच करते वहां पर ठहरे लोगों की जानकारी प्राप्त की जा रही है। इस पुलिस ने होटल व धर्मशाला प्रबंधकों को उचित दिशा-निर्देश दिए गए है। पुलिस द्वारा होटल प्रबंधकों को किसी असामाजिक तत्व व संदिग्ध व्यक्ति के होटल में ठहरने पर पुलिस को तुरंत सूचित करने की हिदायत दी गई। स्वतंत्रता दिवस समारोह के सुरक्षा के दृष्टिगत करीब 600 कर्मचारी-अधिकारियों की विभिन्न बिंदुओं पर ड्यूटी लगाई गई है। शहर व समीपवर्ती क्षेत्र में विशेष बिंदुओं पर स्पेशल नाकाबंदी करके वाहनों की जांच की जा रही है।

## इंडस स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस....



**जींद।** इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक के विद्यार्थियों ने गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया। पूरे परिसर को तिरंगे के रंगों से सजाया गया और कक्षा द्वितीय के विद्यार्थियों के लिए स्पेशल मॉर्निंग असेंबली का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने देशभक्ति गीतों, समूह नृत्य और कविताओं के माध्यम से देशभक्ति केभाव प्रकट किए। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस का महत्व समझाया और बताया कि यह दिन हमें संविधान, अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है। मुख्यअध्यापिका गुरमीत कौर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व बच्चों में देश प्रेम, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना को विकसित करते हैं और इन मूल्यों को हमें छात्रों में बचपन से ही संजोने का प्रयास करना चाहिए। *फोटो:हरिभूमि*

# ऑनलाइन पाइप मंगवाना पड़ा भारी, व्यापारी को लगी दो लाख की चपत, अज्ञात पर केस

- ना आई लोहे की पाइप और ना ही वापस लौटाई राशि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

गुगल पर लोहा कंपनी को नंबर लेकर लोहे के पाइप मंगवाना व्यापारी को महंगा पड़ गया। न तो व्यापारी को लोहा मिला और न ही एडवांस भेजी गई दो लाख रुपये की राशि वापस मिली। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उचाना निवासी राजेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह उचाना मंडी में लोहे की दुकान चलाता है। उसने गुगल पर अपोलो पाइप कंपनी का नंबर लेकर छह टन लोहे के पाइप खरीदे थे। जिसकी कीमत तीन लाख 18 हजार रुपये थी। उसने अपनी फर्म से एक लाख रुपये की आरटीजीएस कंपनी के खाते में ट्रांसफर करवा दी। जबकि एक लाख की राशि उसने अपने भाई की फर्म आरजीटीएस कंपनी के खाते में करवा दी। राशि भेजने के बाद उसने कंपनी से माल डिस्पैच करवाने के लिए कहा। आरोपितों ने 16 जनवरी को माल मिलने की बात कही। बावजूद इसके उसका माल नही पहुंचा। जब उसने फिर से कंपनी से संपर्क साधा तो को कोई संतोषजनक जवाब नही मिला। आरोपितों ने रुपये भी वापस नही लौटाए। जिस पर उसे धोखाधड़ी का अहसास हुआ। साइबर थाना पुलिस ने राजेश की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर थाना के जांच अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि धोखाधड़ी की शिकायत मिली थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### ऑनलाइन ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर युवक से 20,000 रुपये की ऑनलाइन ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता देवीगढ़ रोड, कैथल निवासी हर्ष की शिकायत अनुसार 4 जून 2025 को इंस्टाग्राम आईडी पर शिवानी चौधरी नाम की आईडी से फ्रेंड रिक्वेस्ट आई, जिसे उसने स्वीकार कर लिया। इसके बाद दोनों के बीच नियमित चैटिंग होने लगी। उसने स्वयं को राजस्थान टेक्निकल यूनिवर्सिटी की छात्रा बताते कहा कि उसके पास फोन नहीं है और वह केवल टैब से चैट कर सकती है, इसलिए कॉल संभव नहीं है।

## विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने जारी की राशि, पौधरोपण से पर्यावरण संरक्षण

# प्रदेशभर के 4641 राजकीय स्कूलों में साफ-सफाई हाउसकीपिंग व बागवानी के लिए 3.71 करोड़ जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

प्रदेशभर के 4641 राजकीय स्कूलों में साफ-सफाई, हाउसकीपिंग व बागवानी के लिए विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने तीन करोड़ 71 लाख 28 हजार रुपये की राशि जारी की है। इससे एक ओर स्कूल में बेहतर स्वच्छ वातावरण होगी, वहीं पौधे लगने से पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके लिए विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने प्रदेश के सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य, मुख्य अध्यापक, मुख्य शिक्षक व स्कूल प्रबंधक कमेटी प्रधान के नाम पत्र जारी किया है। जारी पत्र के अनुसार सत्र 2025-26 के लिए विद्यालय प्रांगण की सफाई, छत की सफाई, शौचालयों व खेल के मैदान की सफाई, जल निकासी का प्रबंध जैसे कार्यों के लिए विभाग द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालयों को आठ हजार रुपये प्रति विद्यालय की दर से बजट उपलब्ध करवाया जा रहा है। ऐसे में आपसे आग्रह किया जाता है कि स्कूल प्रबंधन कमेटी को पूर्व की भांति यह राशि खर्च करने के लिये अधिकृत कर दिया जाए। इस बजट से स्कूल प्रबंधन कमेटी प्रांगण की सफाई, चाहरदीवारी के बाहर की सफाई, छत की सफाई, शौचालयों व खेल के मैदान की सफाई, जल निकासी का प्रबंध जैसे कार्य कर सकती है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता सीधे अनुशासनहीनता के दायरे में आएगी तथा संबंधित विद्यालय मुखिया सीधे जिम्मेदार होंगे। विद्यालय मुखिया स्कूल प्रबंधन कमेटी के साथ मिल कर यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके विद्यालयों में आवश्यकता के अनुसार किस-किस समय कौन सा कार्य कराया जाना है। इसका निर्धारण मासिक आधार पर स्कूल प्रंधन कमेटी की मासिक बैठक में किया जाएगा व एसएमसी की बैठक में ही इसे स्वीकृत करवाया जाएगा।

### जींद के 266 प्राइमरी स्कूल भी शामिल

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि बजट से प्राइमरी स्कूलों में साफ.-सफाई रहेगी। जिससे विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल मिलेगा। राजकीय स्कूलों की साफ.-सफाई, हाउसकीपिंग जैसे कार्यों के लिए विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से बजट जारी किया गया है। इसमें जींद जिले के 266 प्राइमरी स्कूल शामिल हैं।

